प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.02.2025/प्रादेशिक समाचार/920बजे

केंद्रीय बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लगातार आठवीं बार लोकसभा में बजट पेश करेंगी। कल दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया था। आर्थिक सर्वेक्षण अनुमान में वर्ष 2025 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है।

बजट उम्मीद

गंभीर वित्तीय हालात के दौर से गुजर रहे हिमाचल प्रदेश को भी इस केंद्रीय बजट से बहुत सी उम्मीदें हैं। केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक धनराशि उपलब्ध होने से ही प्रदेश में विकास की गति तेज हो पाएगी। केंद्रीय बजट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में एक भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा नहीं है। उन्होंने बजट में प्रदेश के लिए विशेष राहत पैकेज मिलने की उम्मीद भी जताई है।

बजट से उम्मीद जताते हुए राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि बजट देश के सभी राज्यों के आर्थिक विकास पर केन्द्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट में हिमाचल जैसे छोटे व पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष प्रावधान किया जाना चाहिए।

आज प्रस्तुत हो रहे बजट से प्रदेश के विभिन्न वर्गों को उम्मीदें हैं। भाजपा नेता व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आज के बजट से भी जरूर हिमाचल के विकास को बल मिलेगा।

प्रदेश सरकार के सेवानिवृत एच.ए.एस अधिकारी डी.के मांटा ने बताया कि केंद्रीय बजट राज्य के विकास के लिए अहम होता है और प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति में विशेष आर्थिक पैकेज जरूरी है।

वहीं सब्जी व फल उत्पादक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चौहान ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि किसानों व बागवानों को उर्वरकों, दवाईयों और कृषि उपकरणों में जीएसटी छूट की उम्मीद है साथ ही सेब आयात पर सौ प्रतिशत शुल्क भी जरूरी है ताकि प्रदेश में सेब बागवानी के भविष्य को बचाया जा सके।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला ने सुर्खी दी है भानुपल्ली–लेह व बद्दी रेललाइन का पूरा खर्च उठाए केंद्र। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है मुख्यमंत्री बोले–अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट का पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करे।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है मेडिकल कॉलेजों में नई भर्ती कॉमन कैडर में।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है जनवरी में 85 दशमलव 2 प्रतिशत कम हुई बारिश, फरवरी में कोटा पूरा होने की आस।